हादसा | पाटन में दर्दनाक हादसा, ऑटो चालक गिरफ्तार

# लोडिंग ऑटो ने बाइक को मारी टक्कर, एक की मौत





**पाटन नवभारत 31 अगस्त।** पाटन के ग्राम गाड़ाघाट टपरिया में एक तेज रफ्तार लोडिंग ऑटो ने मोटरसाइकिल से जा रहे दो भाईयों को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि मोटरसाइकिल चालक नवल मल्लाह की मौके पर मौत हो गई। वहीं उसके पीछे बैठा छोटा भाई राहुल मल्लाह गंभीर रूप से घायल हो गया। प्रारंभिक इलाज के बाद राहुल को जिसे इलाज के लिए जबलपुर रेफर किया गया है।

बताया जाता है कि गाड़ाघाट टपरिया का रहने वाला नवल मल्लाह अपने छोटे भाई राहुल मल्लाह के साथ गाड़ाघाट से गांव वापस आ रहा था । जैसे ही वह टपरिया मोड़ के पास पहुंचा इस दौरान सामने से आ रहे एक तेज रफ्तार लोडिंग ऑटो 0887 ने उनकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। लोडिंग ऑटो की टक्कर से नवल की सिर में चोट लगने से मौके पर मौत हो गई। वहीं उसके साथ गाड़ी पर सवार रहे राहुल को घायल अवस्था में पाटन अस्पताल लाया गया। जहां प्राथमिक इलाज के बाद उसे जबलपुर रेफर कर दिया गया है वही लोडिंग ऑटो को पाटन पुलिस ने जप्त कर लिया है और लोडिंग ऑटो चालक को गिरफ्तार कर लिया है पाटन थाना के सब इंस्पेक्टर अरविंद सिंह का कहना है कि मामले में जांच की जा रही है जैसे भी वैधानिक तथ्य सामने आएंगे उसके हिसाब से आगे कार्रवाई की जाएगी।

# कुंडम में चोरियों पर लगाम लगाने लगेंगे कैमरे

### 13 मेन जगह पर सीसीटीवी कैमरा लगाने विधायक ने दी स्वीकृति, कुंडेश्वर धाम में विशेष सुरक्षा इंतजाम



**कुंडम नवभारत 31 अगस्त।** क्षेत्र में इन दिनों हो रही चोरियां और बढ़ रहे अपराधों के मददेनजर क्षेत्रीय विधायक संतोष बरकड़े ने सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की स्वीकृति दी है।

आए दिन दुकानों का ताला टूटना एवं घरों से जेवर सोना चांदी चोरी करना एवं ग्राम वासियों की मांग थी कि कुंडम में कुछ मेन जगह पर सीसीटीवी कैमरा लगाए जाएं। इस मांग पर आज सोमवार को विधायक कार्यालय में विधायक संतोष बडकडे से मंडल अध्यक्ष राजेश साहू के नेतृत्व में एवं ग्राम के संदीप कछवाहा गुड्डु पटवा नगर के लोगों द्वारा सीसीटीवी कैमरा लगाने की बात रखी जिसमें विधायक ने 13 जगह कैमरा लगाने की स्वीकृति दी। जिसमें तहसील तिराहा, रेस्ट हाउस तिराहा, बस स्टैंड, जनपद तिराहा, कमानिया गेट, दुर्गा मंदिर, कॉलेज रोड, निवास तिराहा वन विभाग के पास, एवं निवास तिराहा सतावेली रोड, मंडी प्रांगण, कुंडेश्वर नगर, इन जगहों पर गुरुवार को कैमरा लगाए जाएंगे। इस कैमरों के अलावा क्षेत्रीय विधायक ने युवाओं को सजग रहने के लिए भी कहा है और पुलिस बल को किसी भी संदिग्ध व्यक्ति की सूचना देने के लिए कहा है।

# मुनि संघ के सानिध्य में अनेक धार्मिक अनुष्ठान आयोजित



**पनागर नवभारत 31अगस्त।** श्री 1008 भगवान शांतिनाथ स्वामी की नगरी पनागर नगर में चातुर्मास कर रहे परम पूज्य आचार्य 108 विद्यासागर महाराज के शिष्य एवं नवाचार आचार्य 108 समय सागर महाराज के आशीर्वाद से नगर में विराजमान है आज विदिशा नरसिंहपुर बीना से भक्तजन बड़े मंदिर की पहुंचे और पूज्य मुनि 108 निर्दोष सागर महाराज ससंघ के दर्शन किए । आपके सानिध्य में विविध धार्मिक आयोजन अनेक धार्मिक ज्ञान उपयोगी कक्षाएं प्रात: 6:00 बजे से देर शाम तक प्रतिदिन आचार्य भक्ति तक की जा रही हैं पूज्य 108 मुनि निर्लोप सागर महाराज द्वारा णमोकार महामंत्र की कक्षा में विशाल जन समूह उपस्थित होकर धर्म लाभ ले रहे है।

पूज्य मुनि श्री की आहारचर्या नगर के नव युवक मंडल द्वारा पूर्ण व्यवस्था के साथ कराई जा रही है प्रतिदिन सुबह 9:30 बजे से नेमिनाथ बाजार जिन मंदिर विद्यासागर वार्ड में संपन्न हो रही है।

# पनागर में श्री कृष्ण की प्रतिमा स्थापित

**यादव महासभा द्वारा भगवान को चढ़ाया जाएगा 56 भोग**



**पनागर नवभारत 31 अगस्त।** यादव महासभा पनागर के तत्वावधान में नगर के अभिमन्यु चौक में परंपरा के अनुसार इस वर्ष भी भगवान श्री कृष्ण की मनमोहक प्रतिमा की स्थापना की गई है।

प्रतिदिन सुबह शाम समाज के द्वारा आरती एवं पूजन पाठ किया जा रहा है।3 सितंबर को रात्रि में महा आरती का आयोजन 8:30 बजे से होगा तब 56 भोग भगवान को लगाए जाएंगे। इसके बाद यादव युवा मंडली के तत्वावधान में विशाल रात्रि जागरण का आयोजन किया गया है समाज के वरिष्ठ गोरेलाल यादव, केशव यादव, सतीश यादव, गोपी यादव ,शरद यादव, मनीष यादव सहित सभी पदाधिकारी एवं सदस्यों ने आमजन से उपस्थित होकर धर्म लाभ लेने की अपील की है।

# पड़वार में एक पेड़ मां के नाम रोपा पौधा



**बेलखाड़ू नवभारत 31 अगस्त।** प्रकृति को हरा भरा रखने, भविष्य की पीढी को हरियाली के प्रति संदेश देने एवं प्राकृतिक फलों की भविष्य में स्थानीय उपलब्धता का मूल उद्देश्य लेकर शासकीय प्राथमिक शाला पड़वार कला संकुल बेलखाडू में एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत विभिन्न प्रकार के पौधे रोपे गए ।शाला से मिली जानकारी अनुसार अशोक, अमरूद, आंवला के छ: पौधौ का रोपण किया गया। इस अवसर पर शाला की ओर से नीलम प्यासी, मनीषा जैन, मीरा पटैल, साधना पटैल, मालती पटैल, और छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही।

# विहिप सिहोरा में युवाओं को नए दायित्व सौंपे

**जिला स्तरीय बैठक में छमाही कार्ययोजना तय**



**सिहोरा नवभारत 31 अगस्त।** विश्व हिंदू प्रांत बैठक के उपरांत गत दिवस सिहोरा जिले में बैठक संपन्न हुई। बैठक में आगामी छैमाही कार्यक्रमों हेतु योजना बनी एवं श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर ग्राम समिति तक स्थापना दिवस के कार्यक्रम हो इस पर जोर दिया गया और नए दायित्वों की घोषणा की गई जिसमें नीरज पटेल मानस तिवारी को जिले का सहसंयोजक अमित बक्शी को जिला प्रचार प्रसार प्रमुख, गोसलपुर के मनीष साहू को जिला धर्मप्रसार प्रमुख बनाया गया वही मझौली प्रखंड में प्रखंड सहसंयोजक समित सिंह पटेल साहिल कुशवाहा, गौ रक्षा प्रमुख सचिन कुशवाहा सह प्रमुख अरुण मिश्रा, पंडा कुशवाहा, आकाश पुरी गोस्वामी,

नादघाट समिति में, रमाकांत, अध्यक्ष मनीष पटेल , मंत्री धर्मेंद्र पटेल संयोजक ललित कुमार नीतीश कुशवाहा अंगद पटेल, सतीश साहू नीरज गोटियां, जग्गू कुशवाहा, अजीत भूमिया, अधिक संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे, घोषणा के समय, जिले के पालक चंद्रकांत मिश्र प्रांत सह विशेष संपर्क प्रमुख, विभाग मंत्री महेन्द्र सिंह, जिला अध्यक्ष पवन मिश्रा जिला उपाध्यक्ष विजय जानवानी जिला मंत्री अर्जुन कुशवाहा, जिला उपाध्यक्ष अजय कनकने, जिला सह मंत्री कन्हैया रजक नितिन ठाकुर सभी की सहमति से उक्त नियुक्तियां हुई हैं। जिला संयोजक कान्हा पांडेय सेवा प्रमुख अमित कुशवाहा कपिल चौबे, सभी कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त किया।





# बोरिया मुख्य सड़क मार्ग पर गड्ढों में चलने से हो रही परेशानी

**आमजन हो रहे दुर्घटनाग्रस्त**

**बोरिया नवभारत 31 अगस्त।** जबलपुर कटंगी मेन रोड के मध्य में बसा ग्राम बोरिया और उसके आस-पास सड़क के हिस्सों में गड्ढों की बढ़ती संख्या से आवागमन के दौरान राहगीरों को अनेकों दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इस मार्ग में वाहन तो दूर पैदल चलना भी दूभर है।

स्थानीय लोगो का कहना है कि उन्हें काम धंधे के कारण प्रतिदिन जबलपुर एवं कटंगी नगर इसी मुख्य सड़क से आना जाना करना पड़ता है। जबलपुर से लेकर बोरिया, कटंगी तक सड़क में गहरे चौड़े गड्ढे हो गए हैं। बरसात में इन्हीं गड्ढों में पानी भर जाने पर ये दिखाई नहीं देते और वाहन चालक गिरकर चोटिल हो जाते हैं। वाहनों में भी टूट फूट होती है। एन एच 34 की इस सड़क के गड्ढे भरने की मांग ग्रामवासियों ने की है। ग्रामवासियों ने बताया कि सड़क की बदहाली के कारण स्कूली बच्चे कई -कई दिन स्कूल नहीं जा पाते हैं। बारिश का पानी गड्ढों में भरा होता है और बड़े वाहन निकलने पर पानी उछलकर लोगों को भिगा देता है। वहीं वाहनों के टायर पंचर हो जाते हैं और कई बार लोगों को कई किमी पैदल वाहन खींचना पड़ता है।

# गौशाला में दो गायों की मौत

**आक्रोशित ग्रामीणों ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन**

**बरगी नवभारत 31 अगस्त।** ग्राम पंचायत सालीवाड़ा की शासकीय गौशाला में गोवंश के साथ अमानवीय बर्ताव का गंभीर मामला सामने आया है। यहां दो गायों की मौत होने से क्षेत्र में आक्रोश है। गौवंश की देखभाल में लापरवाही की जांच की मांग की जा रही है।

गौशाला में दो दिन से चारा-पानी न मिलने और गोदाम में भूसा सड़ जाने के कारण एक गाय की अंदर और एक की बाहर मौत हो गई। सूचना मिलने पर सरपंच और ग्रामीण मौके पर पहुंचे तो गेट पर ताला था और कर्मचारी नदारद मिले।

अंदर कीचड़ में करीब 70 गोवंश बंधे मिले, जबकि दस्तावेजों में संख्या अधिक दर्ज थी। इस भारी अनियमितता से आक्रोशित ग्रामीणों ने सरपंच के निर्देश पर सभी गोवंश को मुक्त कर गौशाला में ताला लगा दिया और बरगी नायब तहसीलदार को शिकायत सौंपी।

इस दौरान नीरज उपाध्याय, चक्रेश रजक, सत्यम, राहुल उपाध्याय, महेंद्र पटेल, राजेंद्र ठाकुर, प्रदीप, मदन यादव, मोहन और राकेश यादव सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे। गौशाला का संचालन राष्ट्रीय देशभक्ति सेवा संस्थान समिति द्वारा किया जा रहा है।

## आशा बाई पटेल का निधन



**बेलखाड़ू।** काकरखेडा ग्राम के प्रतिष्ठित नागरिक रामनाथ पटेल की धर्मपत्नी व राजकुमार, अनिल व इंद्र कुमार पटेल की मां श्रीमती आशा बाई पटेल 80 वर्ष का निधन हो गया। अंतिम संस्कार रविवार को काकरखेड़ा में किया गया।

## सुखचैन पटेल का निधन



**इंद्राना।** ग्राम सुनगवा मझौली निवासी सुखचैन पटेल उम्र 80 वर्ष का निधन हो गया। आप बृजलाल पटेल, आनंद पटेल, संदीप पटेल के पिता रहे। अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम सुगनवा में किया गया।

# दो ट्रैक्टर ट्रालियों में ढोई जा रही थी अवैध रेत

**ग्राम घुटना बगीचा में वाहन जब्त, चालक पकड़ाए**



**सिहोरा नवभारत 31 अगस्त।** थाना गोसलपुर की टीम व्दारा गत दिवस ग्राम घुटना बगीचा के पास दो ट्रैक्टर ट्राली में अवैध रेत ले जाते हुए चालकों को पकड़ा गया। वाहनों को जब्त कर पुलिस ने अवैध उत्खनन का मामला दर्ज किया है।

पुलिस अधीक्षक जबलपुर सम्पत उपाध्याय (भा.पु.से.) व्दारा जिले में पदस्थ समस्त राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को क्षेत्र में अवैध उत्खनन एवं परिवहन की घटनाओं पर अंकुश लगाने हेतु खनिज माफियाओं आरोपियों की पतासाजी करते हुए वैधानिक कार्यवाही करने आदेशित किया गया है आदेश के परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सूर्यकांत शर्मा तथा अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सिहोरा आदित्य सिंघारिया के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी गोसलपुर श्रीमति भावना तिवारी के नेतृत्व में थाना गोसलपुर की टीम व्दारा गत दिवस ग्राम घुटना बगीचा के पास, एक ट्रेक्टर 5366 मय ट्राली के रेत सहित चालक अरविंद पटेल पिता हरप्रसाद पटेल उम्र 41 वर्ष निवासी ग्राम घुघरी थाना गोसलुर एवं एक आयसर ट्रेक्टर 2336 मय ट्राली के रेत सहित चालक अमित खटीक पिता स्व. नारायण प्रसाद खटीक उम्र 39 वर्ष निवासी गुडहाई चौक गोसलपुर थाना गोसलपुर के कब्जे से खनिज की चोरी कर अवैध परिवहन करते पाये जाने पर जप्त कर वाहन चालक एवं मालिक के विरुध्द खनिज अधिनियम, बीएनएस एवं मो. व्हीकल अधिनियम की धाराओं के अंतर्गत अपराध पंजीबध्द किया गया है खनिज चोरी कर, परिवहन करने वाले आरोपियों के विरुध्द आगे भी निरंतर प्रभावी कार्यवाही जारी रहेगी। आरोपी को पकड़ने में टी आई श्रीमति भावना तिवारी, प्र.आर. अखिलेश दुबे, रजनीश उपाध्याय, आर. संदीप एवं मिथलेश की सराहनीय भूमिका रही।

आयोजन | अपना सिहोरा-सबका सिहोरा ग्रुप ने किया बुजुर्गों का सम्मान

# रंगारंग प्रस्तुतियों के बीच सिहोरा में मनाया कजलियां मिलन





**सिहोरा नवभारत 31 अगस्त।** श्री 1008 पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर, झंडा बाजार सिहोरा में अपना सिहोरा-सबका सिहोरा ग्रुप द्वारा कजलिया पर्व के अवसर पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सिहोरा विधायक संतोष बरकड़े विशेष रूप से उपस्थित रहे और पूरे कार्यक्रम के दौरान उपस्थित रहकर आयोजकों एवं प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के तैल चित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके पश्चात श्रीमती दीप्ति सपन जैन द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में कराओके ग्रुप के कलाकारों पी.वी. संजय, बंटू खरया, बृजेंद्र साहू एवं सुधीर अवस्थी ने शानदार गीत-संगीत की प्रस्तुतियां देकर उपस्थित लोगों का मनोरंजन किया। इसके बाद बच्चों ने विभिन्न आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। उत्कृष्ट प्रस्तुति देने वाले बच्चों को सम्मानित अतिथियों, जैन महिला परिषद एवं अपना सिहोरा-सबका सिहोरा ग्रुप की ओर से पुरस्कार प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया ।कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत अनिल जैन द्वारा किया गया। इसके पश्चात समाज एवं क्षेत्र के वरिष्ठजनों का सम्मान किया गया।

### इनका हुआ सम्मान

सम्मानित होने वालों में मानिकचंद जैन, सुरेश मिश्रा, निर्मल कुमार जैन, सीलचंद जैन, प्रमोद जैन, अजीत कुमार जैन, प्रकाश गुप्ता, राजकुमार सराफ, नारायण खरया, प्रमोद नौगरिया, श्रीमती आशा चौधरी, श्रीमती तनु नौगरिया, श्रीमती अंगूरी जैन इंदौर एवं श्रीमती चंद्रप्रभा जैन सहित अन्य वरिष्ठजन शामिल रहे। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने वरिष्ठजनों का सम्मान कर उनके सामाजिक योगदान को याद किया।सम्मान समारोह में दिनेश गुप्ता अध्यक्ष गहोई वैश्य समाज, श्री अनिल जैन, संजय सेंगर, नितेश जैन, अजय तिवारी, सौरभ तिवारी, श्री राजेश दहिया, रवि चरण गुप्ता, संदीप व्यवहार, नीलू बाजपेई, विशाल सराफ, श्री दीपक दुबे, श्री अशोक चौधरी, श्रीमती जयश्री जैन, श्रीमती संध्या जैन अध्यक्ष महिला परिषद, श्रीमती रानी जैन, श्रीमती आरती जैन सागर, श्रीमती रीना जैन, श्रीमती ममता गुप्ता, श्रीमती सुधा गुप्ता एवं श्रीमती सरिता जैन सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंतिम चरण में नागपुर से पधारे श्री विनोद गुप्ता सहित श्री सुधीर गुप्ता पूर्व शिक्षक, श्री अरविंद जैन, श्री सुधीर गुप्ता, श्री रवि नौगरिया, श्री छगन सरावगी, श्री सुनील जैन सनी बिल्डर, अशोक साहू, आनंद श्रीवास्तव, योगेश जायसवाल एवं श्री संतोष जैन सागर द्वारा उपस्थित सदस्यों एवं मातृशक्ति को कजलियां वितरित कर कजलिया पर्व मनाया गया ।कार्यक्रम का संचालन अरुण जैन, पूर्व महामंत्री एवं संरक्षक विद्यासागर सेवा आश्रम समिति द्वारा किया गया। आभार प्रदर्शन श्री रवि नौगरिया ने किया।

### समाज को जोड़ने का है माध्यम : बरकड़े

इस अवसर पर विधायक श्री संतोष बरकड़े ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए सामाजिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों को समाज को जोड़ने का माध्यम बताया। कार्यक्रम में मानिकचंद जैन, राजकुमार सराफ एवं संजय जैन ने भी अपने विचार व्यक्त किए ।कार्यक्रम के अंत में सिहोरा एवं आसपास के क्षेत्र के दिवंगत महानुभावों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में नागरिक, समाजजन एवं मातृशक्ति उपस्थित रहे।

# बेनगंगा पुल पर अंधेरा, हादसों का खतरा

### भेड़ाघाट नगर परिषद से मांग के बाद भी सुरक्षा इंतजाम नहीं



**भेड़ाघाट नवभारत 31 अगस्त।** भेड़ाघाट चौराहे से बेनगंगा पुल तक घना अंधकार और सड़क पर बैठे आवारा पशु वाहन चालकों के लिए परेशानी का सबब बने हुए हैं। पुल पर पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था नहीं होने से यहां कभी भी गंभीर सड़क दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। स्थानीय लोगों के अनुसार बारिश के चलते लोक निर्माण विभाग द्वारा पुल की रेलिंग हटाई गई थी, लेकिन इसके बाद सुरक्षा के लिए कोई वैकल्पिक अथवा अस्थायी व्यवस्था नहीं की गई। रेलिंग नहीं होने के कारण मूक पशुओं के पुल से गिरने की घटनाएं भी सामने आई हैं। ऐसे में वाहन चालकों और राहगीरों की सुरक्षा को लेकर चिंता बनी हुई है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि भेड़ाघाट जैसे विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थल

में मूलभूत सुविधाओं की समुचित व्यवस्था होना आवश्यक है। बेनगंगा पुल और चौराहे के बीच स्ट्रीट लाइट लगने से अंधेरे की समस्या दूर होने के साथ दुर्घटनाओं पर भी अंकुश लग सकता है। लोगों ने नगर परिषद भेड़ाघाट एवं संबंधित विभागों से पुल पर तत्काल प्रकाश व्यवस्था कराने, रेलिंग की मरम्मत अथवा वैकल्पिक सुरक्षा व्यवस्था करने तथा आवारा पशुओं की समस्या का समाधान करने की मांग की है। नागरिकों का सवाल है कि किसी बड़ी दुर्घटना के बाद ही प्रशासन की नींद खुलेगी या समय रहते सुरक्षा के इंतजाम किए जाएंगे।